महत्वपूर्ण एवं खास

ब्लेक फंगस के तीन नये मरीज मिले, सिम्स में भर्ती

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में ब्लेक फंगस के तीन नये मरीज मिले है जिन्हें उपचार के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन मरीजों में से एक मरीज मुंगेली का बताया जा रहा है और बाकी बचे दो मरीज बिलासपुर निवासी है। प्रदेश में अचानक होने वाली नई बीमारी ब्लेक फंगस के कारण सरकार चिंता में है। बिलासपुर के ही सिम्स अस्पताल में अब तक 13 मरीजों का उपचार चल रहा है। वहीं प्रदेश भर में सौ से अधिक मरीजों की संख्या हो गई है।

टूलकिट मामले में पुलिस ने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा को भी भेजा नोटिस

रायपुर (आरएनएस)। टूलकिट मामले में कांग्रेस की ओर से दर्ज कराए गए एफआईआर पर अब सिविल लाइन थाना रायपुर पुलिस ने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा को भी नोटिस भेजा है और अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा है। सिविल लाइन थाना प्रभारी द्वारा 22 मई को संबित पात्रा को भेजे गए नोटिस में उन्हें 23 मई को शाम 4 बजे थाने में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर या फिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बयान देने के लिए निर्देशित किया गया है। नोटिस का पालन नहीं करने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। ज्ञात हो कि कांग्रेस की ओर से सिविल लाईन थाना में टूलकिट मामले में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इस मामले में पुलिस ने डा. सिंह को पहले ही नोटिस भेज चुकी है, वहीं अब संबित पात्रा को भी नोटिस भेजा है।

छत्तीसगढ़ में पेट्रोल-डीजल के दामों में फिर हुई बढ़ोतरी

रायपुर (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी का दौरा जारी है। जिसके चलते हर दिन पेट्रोल पेट्रोल के दाम रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। आज हुई बढ़ोतरी के साथ अब प्रदेश में एक लीटर पेट्रोल के दाम 91 रुपए के पार हो गया। प्रदेश में पेट्रोल के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिसके चलते पहली बार पेट्रोल के दाम 91 रुपए के पारा हो गया है। मई माह के पहले दिन एक लीटर पेट्रोल के दाम 88 रु 88 पैसे थी, लेकिन अब दामों में बढ़ोतरी होने से 91.31 रुपए हो गया है। बीते पांच माह में साढ़े आठ रुपए से ज्यादा का इजाफा हुआ है। गौरतलब हो कि पिछले दो महीने से देश के कई राज्यों में विधानसभा के चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी। इसलिए, पिछले महीने कच्चा तेल महंगा होने के बाद भी पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। हालांकि, इस बीच कच्चा तेल सस्ता होने के बाद चार किस्तों में पेट्रोल-डीजल के दाम घटे थे। इससे पेट्रोल 77 पैसे प्रति लीटर सस्ता हुआ था। इस महीने इसके दाम बढ़ने शुरू हुए हैं।

यास चक्रवात तूफान की चेतावनी के कारण 6 ट्रेनों का परिचालन रद्द

रायपुर (आरएनएस)। यास चक्रवात तूफान की चेतावनी के कारण अभी तक रायपुर रेल मंडल से गुजरने वाली लगभग 18 ट्रेनों को रद्द किया जा चुका है। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे परिमंडल द्वारा 6 ट्रेनों को उनके आरंभिक स्टेशन से रद्द किया गया है । रद्द होने वाली गाड़ियां इस प्रकार है- गाड़ी संख्या 02221 पुणे हावड़ा दिनांक 24 मई 2021 को पुणे से रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 02222 हावड़ा पुणे 27 मई 2021 को हावड़ा से रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 02818 पुणे हावड़ा 24 मई 2021 को पुणे से रद्द रहेगी । गाड़ी संख्या 02817 हावड़ा पुणे 29 मई 2021 को हावड़ा से रद्द रहेगी । गाड़ी संख्या 02767 हजूर साहिब नांदेड़ - संतरागाछी 24 मई 2021 को हजूर साहिब नांदेड़ से रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 02768 संतरागाछी- हजूर साहिब नांदेड़ 26 मई 2021 को संतरागाछी से रद्द रहेगी।

युवक को थप्पड़ मारने वाले कलेक्टर का सरकार ने किया स्थानांतरण

» सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हुई कार्रवाई

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में शनिवार को अपने पिता के लिए दवाई लेने जा रहे युवक को थप्पड़ मारने एवं उसका मोबाईल तोडने वाले कलेक्टर रणवीर शर्मा को आज सरकार ने तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया है। इस मामले पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघले ने सोशल मीडिया में समाचार देखे जाने के बाद ट्वीट कर घटना की निंदा की एवं ऐसे कृत्य करने वाले कलेक्टर को तत्काल हटाने के आदेश जारी किए। ज्ञातव्य हो कि पूरे प्रदेश में 31 मई तक कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए लॉकडाउन किया गया है। सूरजपुर जिले में एक युवक अपने पिता के लिए दवाईयां लेने जा रहा था। इसी बीच कलेक्टर रणवीर शर्मा लॉकडाउन का जायजा लेने शहर के भ्रमण पर थे। उन्होंने युवक को रोककर पूछताछ की तथा संतुष्ट नहीं होने पर युवक का मोबाईल लेकर उसे सड़क पर पटककर तोड़ दिया। वहीं युवक को एक थप्पड़ भी जड़ दिया। यह पूरा मामला शनिवार से सोशल मीडिया पर पूरी तरह से वायरल हो रहा है। जिसे देखते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मामले के संज्ञान में आते ही बड़ा निर्णय करते हुए कलेक्टर को मंत्रालय में स्थानांतरित करने के निर्देश जारी कर दिए थे। जिसके बाद आज सुबह उनका तबादला आदेश भी सरकार ने रविवार होने के बाद भी जारी कर दिया है। ज्ञातव्य हो कि उक्त कलेक्टर के प्रशिक्षु के दौरान इनकी पोस्टिंग भानुप्रतापपुर में एसडीएम के पद पर थी। तब भी इन पर रिश्वत के मामले में कार्रवाई की गई थी। इनके रीडर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उस समय भी रणवीर शर्मा प्रशिक्षु आईएएस होने के बाद भी चर्चा में आ गए थे।

❐ नवयुवक को मोबाइल उपलब्ध कराएंगे मुख्यमंत्री- सीएम ने ट्वीट कर बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से सूरजपुर कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा एक नवयुवक से दुर्व्यवहार का मामला मेरे संज्ञान में आया है। यह बेहद दुखद और निंदनीय है। छत्तीसगढ़ में इस तरह का कोई कृत्य कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. कलेक्टर रणबीर शर्मा को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए हैं।

इसी कड़ी में अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निर्देश दिए हैं कि सूरजपुर में कलेक्टर द्वारा नवयुवक के साथ दुर्व्यवहार के दौरान नवयुवक के क्षतिग्रस्त मोबाइल की प्रतिपूर्ति के रूप में उस नवयुवक को नया मोबाइल फोन उपलब्ध कराया जाए।

❐ गौरव सिंह बने सूरजपुर के नये कलेक्टर

सरेराह युवक का मोबाइल तोड़ थप्पड़ मारने और पुलिसकर्मियों से युवक की पिटाई करवाने वाले सूरजपुर कलेक्टर रणवीर शर्मा के व्यवहार पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई है। इंटरनेट मीडिया में वायरल वीडियो के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सूरजपुर कलेक्टर रणवीर शर्मा को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने रणवीर शर्मा को वापस मंत्रालय बुला लिया है उनके स्थान पर गौरव सिंह को सूरजपुर का नया कलेक्टर बनाया गया है।

❐ मुख्यमंत्री ने कहा-मैं इससे क्षुब्ध हूं और पीड़ित नवयुवक व उनके परिजनों से खेद व्यक्त करता हूं- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि इस घटना से मैं भी क्षुब्ध हूं और पीड़ित नवयुवक और उनके परिजनों से खेद व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आज एक के बाद एक तीन ट्वीट कर इस घटना पर सबसे पहले जहां सूरजपुर कलेक्टर रणवीर शर्मा को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए संयुक्त सचिव मंत्रालय स्थानांतरित करने के निर्देश दिए, वहीं दूसरे ट्वीट में कहा कि किसी भी अधिकारी का शासकीय जीवन में इस तरह का आचरण स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इस घटना से मैं क्षुब्ध हूं। मैं नवयुवक व उनके परिजनों से खेद व्यक्त करता हूं। श्री बघेल ने अपने तीसरे ट्वीट में कलेक्टर के दुर्व्यवहार के दौरान नवयुवक का क्षतिग्रस्त मोबाइल की प्रतिपूर्ति के रूप में उस नवयुवक को नया मोबाइल फोन उपलब्ध कराये जाने के भी

रायनार से नक्सलियों के 8 जनमिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

नारायणपुर (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी, जिला बल, छ स ब ल , ए स ट ी ए फ , आईटीबीपी द्वारा ओरछा और धनोरा थाना से जिला बल एवं डीआरजी की संयुक्त पुलिस पार्टी ने सर्चिंग के दौरान ग्राम रायनार में दबिश देकर संदेही आरोपी केसा राम पोयाम पिता कुमा राम, आयतु पोयाम पिता हिड़मा, मानकू राम दुग्गा, गोमे पोयाम, दशमन पोयाम, पूरन पोयाम, बोलो मण्डावी, सुखराम पोयाम सभी नुलवट्टी जनमिलिशिया सदस्य को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार जनमिलिशिया सदस्य ओरछा पुलिस पार्टी को जान से मारने के लिए आईईडी ब्लास्ट कर फायरिंग करने की घटना में शामिल होना तथा नक्सलियों के सहयोग करने में शामिल रहे हैं। धनोरा थाना में कार्यवाही उपरांत शनिवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड़ पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

शिक्षा से ही जीवन के लक्ष्य को साधा जा सकता है : मुख्यमंत्री

» मुख्यमंत्री द्वारा स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रतिभावान समारोह में 159 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान

रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के वर्चुअल कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2019 एवं वर्ष 2020 की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 159 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं विशेष पिछड़ी जनजाति के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं सहित उनके पालकों और शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 1.50 लाख रूपए की राशि दी जाती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह का यह पल अत्यंत गौरवशाली है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही जीवन लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इससे जीवन को सकारात्मक दिशा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब देश और प्रदेश के भविष्य हैं। उन्होंने प्रतिभावान विद्यार्थियों से ज्ञान-विज्ञान, कला, संस्कृति, प्रशासन सहित सभी क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित करने का आव्हान किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सभी विद्यार्थियों से एक-एक कर उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि और उनके जीवन लक्ष्य के बारे में भी जानकारी ली।

रायगढ़ से इस कार्यक्रम में कलेक्टर भीम सिंह, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, डीएमसी रमेश देवांगन की गरिमामयी उपस्थिति में मेधावी छात्र-छात्राओं को कलेक्टर सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों से चर्चा की और उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित होने पर बधाई दी। कलेक्टर ने कहा कि प्रावीण्य सूची में स्थान बनाना बड़े गौरव का विषय है। आगे भी खूब मन लगाकर पढ़ाई करें और सफलता की नयी उचाइयां छूते रहें।

ताऊते के बाद अब 'यास' का खतरा, छत्तीसगढ़ में भी होगी बारिश

» ओडिशा-पश्चिम बंगाल तट से 26 मई को टकराएगा चक्रवाती तूफान

रायपुर (आरएनएस)। देश के पश्चिमी तट पर भयानक तबाही मचाकर लौटे ताऊ ते तूफान का असर खत्म भी नहीं हुआ कि पूर्वी तट पर यास नाम के ऐसे ही तूफान का खतरा खड़ा हो गया है। यह चक्रवाती तूफान 26 मई को ओडिशा और पश्चिम बंगाल की जमीनी सीमा से टकराएगा। मौसम विज्ञानियों ने इसके छत्तीसगढ़ के मौसम पर किसी तरह असर की संभावना से फिलहाल इनकार किया है। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया, 22 मई को उत्तर अंडमान सागर और उससे लगे पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दाब का क्षेत्र बन रहा है। इसके और अधिक प्रबल होकर 24 मई को एक चक्रवात के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है। यहां से यह उत्तर-पश्चिम की ओर आगे बढ़ते हुए ओडिशा और पश्चिम बंगाल तट पर 26 मई की सुबह तक पहुंचने की संभावना है बनी हुई है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया, इस चक्रवाती तूफान का नाम यास रहेगा, जिसे ओमान ने दिया है।

❐ ताऊ ते ने बिगाड़ा कई प्रदेशों का मौसम- बताया जा रहा है, ताऊ ते तूफान के प्रभाव से कई प्रदेशों में भारी बरसात दर्ज हुई है। सीधे प्रभाव में आए प्रदेशों के अलावा दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश हुई है। दिल्ली में तो मई महीने की बारिश का 120 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया है।

❐ छत्तीसगढ़ में भी दो दिनों से बरसात- छत्तीसगढ़ के कई जिलों में दो दिनों से बरसात हो रही है। तेज हवाओं ने पेड़ उखाड़ दिए हैं। कच्चे घरों को भी नुकसान पहुंचा है। आसमानी बिजली गिरने से भी नुकसान हुआ है। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक यह लोकल सिस्टम की बदौलत है। बीती रात सरगुजा, बिलासपुर संभागों, राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद, धमतरी और कांकेर जिलों में कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बरसात हुई। मौसम केंद्र के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर निम्न दाब के क्षेत्र, चक्रीय चक्रवाती घेरा और यूपी से पश्चिम मध्य प्रदेश, उत्तर-मध्य महाराष्ट्र और कोंकण तक बनी द्रोणिका के प्रभाव से हो रहा है।

गिरफ्तार नक्सलियों के परिजनों ने पुलिस पर लगाया घर से उठाकर लाने का आरोप

» पुलिस ने चारों नक्सलियों पर अपराध दर्ज होने की जानकारी परिजनों को दी

नारायणपुर । जिले के अबूझमाड़ के मुहेनार और नेडनार से पुलिस ने शुक्रवार को 04 नक्सलियों बत्तेराम उसेण्डी उर्फ सिगड़ू, कुम्मा पोयाम, मंगलु राम पोयाम एवं कविराम उर्फ कतरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गिरफ्तार नक्सलियों के परिजन आज नारायणपुर थाना पंहुचकर जानकारी लेते हुए बताया कि पुलिस घर से गुरुवार को अपने साथ लेकर आई थी, पुलिस ने कहा था कि कुकडाझोर में छोड़ देंगे लेकिन नहीं छोड़े वे नक्सली नहीं है वो तो किसानी काम करते है। गिरफ्तार नक्सली मंगलू की पत्नी का कहना है कि मंगलू घर में खाना खा रहा था, पुलिस वाले घर में आये और बोले साथ में चलो कुकडाझोर से वापस भेज देंगे पर नहीं भेजे इसलिए मेरे पति को लेने आई हूं। नारायणपुर थाना गए तो हमको मिलने नहीं दिया गया एक कागज दिए और बोले कि जेल भेज दिए है। वहीं पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार चारों नक्सलियों से पूछताछ करने पर थाना कुकड़ाझोर क्षेत्रान्तर्गत 03 दिसंबर 2021 को कुकड़ाझोर से कुतुल रोड निर्माण कार्य में लगे एजाक्स मिक्शर मशीन को करेल घाटी के नीचे नक्सलियों के साथ आगजनी की घटना एवं 12 मई 2021 को स्कूलपारा नेड़नार में आम नागरिक लखमू गोटा निवासी मोंहदी की नक्सलियों के साथ हत्या की घटना में शामिल होना स्वीकार किया है। एएसपी नीरज चंद्राकर ने कहा कि गिरफ्तार किए गए चारों नक्सलियों पर अपराध दर्ज है, इसलिए उन्हें गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

उपसरपंच के हत्या में शामिल पांच आरोपी गिरफ्तार

कोंड़ागाव (आरएनएस)। जिले के बयानार थाना के नक्सल प्रभावित गांव पेरमापाल में 23 जनवरी को हुई उपसरपंच बज्जाराम कोराम की हत्या में शामिल पांच आरोपियों कांचाय कोर्राम, बोदराय कोर्राम, गड़वाराम कोर्राम, धनाजी कोर्राम एवं पुनउराम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि 23 जनवरी की रात में अज्ञात लोगों ने उपसरपंच बज्जाराम को उसके घर से बाहर निकालकर हत्या कर लाश फेंक दी थी। मृतक के पुत्र के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद थाना मर्दापाल और बयानार के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा हत्या की जांच शुरू की गई। इस दौरान अधिकारियों ने संदेह के आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि कांचाय कोर्राम, बोदराय कोर्राम, गड़वाराम कोर्राम, धनाजी कोर्राम एवं पुनउराम इस मामले में शामिल हो सकते हैं। एसपी ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद संदेहियों को गिरफ्तार कर अलग-अलग पूछताछ में सभी ने हत्या करना स्वीकारते हुए बताया कि मृतक उपसरपंच बज्जाराम कोरार्म से पुराना जमीन विवाद था।

आरोपियों ने जुर्म स्वीकारते हुए बताया कि जमीन लेने के लिए नक्सल सहयोगियों के साथ मिलकर योजना बनाई और बज्जाराम कोर्राम को उसके पेरमापाल स्थित निवास से 23 जनवरी की रात्रि लगभग साढ़े 07 बजे नकाब पहनकर पास के जंगल में ले गए। जहां सबसे पहले उसे डंडे से पीटा गया और बाद में रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। घटना के सबूतों और गवाहों के आधार पर बयानार पुलिस द्वारा पांचों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायिक रिमांड पर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तरुणजय श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐश्वरा श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित शासन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

किसानों को गोधन न्याय योजना का लाभ दिलाने में हमारा जिला दूसरे नंबर पर

» 21 मई को हुए भुगतान में जिले के पशुपालकों को मिले 1 करोड़ रुपए

» कलेक्टर भीम सिंह योजना के क्रियान्वयन की कर रहे लगातार मॉनिटरिंग

रायगढ़। लगभग 50 हजार क्विंटल गोबर की खरीदी कर और लगभग एक करोड़ रुपये किसानों के खाते में देकर रायगढ़ जिला गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में दूसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 21 मई को गोधन न्याय योजना के पिछले चार चक्रों की राशि पशुपालकों के खाते में अंतरित की। जिसके तहत 01 करोड़ रुपए जिले के पशुपालकों को मिले। कोरोना महामारी से उपजे हालातों के बीच योजना से पशुपालकों को सीधा मिल रहा आर्थिक लाभ उनके लिए बड़ी राहत की बात है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में जिले में व्यापक स्तर पर कार्य किया गया है। जिला पंचायत तथा कृषि विभाग द्वारा गोधन न्याय योजना में किसानों को प्रेरित करने तथा उन्हें इसका लाभ दिलाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया गया है। इसका जमीनी असर दिख रहा है और रायगढ़ जिले ने पूरे प्रदेश में गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में द्वितीय स्थान हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर भीम सिंह लगातार गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वह गोबर खरीदी के साथ ही कंपोस्ट खाद बनाए जाने की प्रक्रिया के संबंध में भी लगातार बैठक कर विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं। गौठानों का नियमित भ्रमण कर योजना के धरातलीय क्रियान्वयन का निरीक्षण करते रहे हैं। कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गोधन न्याय योजना मूल रूप से गौठान को स्वावलंबी बनाने की योजना है। गौठान के स्वावलंबी होने से किसानों की आय वृद्धि में मदद मिलेगी इसके साथ ही जैविक खेती को भी बढ़ावा देने में सहयोग मिलेगा। उल्लेखनीय है कि बड़े पैमाने पर किसान गोधन योजना का लाभ लेने आगे आ रहे हैं। वे गोबर बेच रहे हैं और इससे उन्हें अतिरिक्त आय हासिल हो रही है। किसान इस वजह से पशुपालन की ओर भी प्रेरित हो रहे हैं इससे पशुपालन को भी बढ़ावा मिल रहा है और अंततः कृषि के साथ पशुपालन को बढ़ावा देने से ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिल रहा है।